# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
# Nalanda Open University

Website : www.nou.ac.in
E-mail : nouregistrarexam@gmail.com

तृतीय तल, बिस्कोमान भवन, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना–800 001
3rd Floor, Biscomaun Bhawan, West Gandhi Maidan, Patna-800 001
Phone No. : 0612–2201013, 2206916
Fax No. : 0612–2201001


**Date : 20.04.2023**

## वर्ष 2023 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विगत वर्षों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित एवं निष्कासित छात्रों के लिए ऑनलाईन परीक्षा फार्म जमा करने के सम्बन्ध में सूचना

नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के **M.A./M.Sc./M.Com./MCA, Part-I** के विगत वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित एवं निष्कासित विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2023 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु **ऑनलाईन परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 26.04.2023 से 13.05.2023 तक** निर्धारित की गयी है । वैसे विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं होगा जो नियमन (Regulation) के तहत् समय निषिद्ध हो चुके हैं ।

**वर्ष 2023 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थीगण नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के Website: www.nou.ac.in पर दिए गए लिंक के माध्यम से Student Login में जाकर अपना Registration No. और पासवर्ड–123456 (वैसे विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने पूर्व में अपना पासवर्ड नहीं बनाया है) के साथ Login करेंगे तथा परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क (रु० 1500/–) जमा करेंगे, तदुपरान्त, वार्षिक परीक्षा, 2023 की परीक्षा में बैठने हेतु एडमिट कार्ड डाउनलोड करेंगे । विद्यार्थीगण, प्रथम बार, Registration No. और पासवर्ड (जो ऊपर दिया गया है) से Login करने के बाद, अपना पासवर्ड बदल लेंगे और भविष्य में अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए उसी पासवर्ड का उपयोग करेंगे । वैसे विद्यार्थी जिन्होंने नामांकन या परीक्षा फार्म के समय अपना पासवर्ड बना लिया है, वे उसी पासवर्ड का उपयोग करेंगे ।**

ऑनलाईन परीक्षा फार्म जमा करने वाले विद्यार्थी, वार्षिक परीक्षा, 2023 का एडमिट कार्ड दिखाकर, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के पुस्तक वितरण केन्द्र (बिहार विद्यापीठ, कुर्जी अस्पताल के नजदीक, दीघा रोड, पटना) से **सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका (Assignment Copy)** हाथो–हाथ प्राप्त करेंगे तथा **सत्रीय कार्य प्रश्न–पत्र (Assignment Question)** विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड करेंगे । उपरोक्त विषयों का परीक्षा कार्यक्रम भी वेबसाईट पर दर्ज कर दिया गया है ।

**नोट :** विद्यार्थीगण, सैद्धान्तिक परीक्षा के दिन हीं, अपना सत्रीय कार्य उत्तरपुस्तिका, परीक्षा की अवधि में तथा परीक्षा कक्ष में हीं जमा करेंगे, साथ ही, यह भी ध्यान रखेंगे कि जिस विषय की सैद्धान्तिक परीक्षा है, उसी विषय का सत्रीय कार्य उत्तरपुस्तिका जमा करेंगे । सत्रीय कार्य उत्तरपुस्तिका परीक्षा अवधि के बाद किसी भी परस्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जायेगा ।

कुलपति महोदय के आदेश से

डा० नीलम कुमारी
कुलसचिव (प०)